# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सील बन्द लिफाफे में सम्भल की शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश। कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट कमिश्नर ने किया था सर्वेक्षण।
- गोरखपुर में आज पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। नये रैन बसेरे और जल शोधन परियोजना का भी करेंगे शुभारम्भ।
- यूपी दिवस पर मुख्यमंत्री युवा अभियान की शुरूआत करेगी प्रदेश सरकार। उद्यम लगाने के लिये युवाओं को दिया जायेगा ब्याज मुक्त ऋण।
- नये वर्ष में सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिये जरूरी होगा फार्मर आईडी। नहीं होगी बार–बार केवाईसी कराने की जरूरत।
- प्रदेश के अधिकांश जिले शीतलहर की चपेट में। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से तापमान में तेजी से गिरावट।

**********

सम्भल की शाही जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कल कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पेश कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सर्वे रिपोर्ट सील बन्द लिफाफे में पेश करने को कहा था। कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट तैयार करने के लिये उन्नीस और चौबीस नवम्बर को कड़ी सुरक्षा के बीच शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया था, इसी दौरान चौबीस नवम्बर को हिंसा हो गयी थी।

**********

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज में वर्ष दो हजार अट्ठारह में गणतंत्र दिवस के दिन तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में छह साल बाद 28 आरोपियों को कल दोषी करार दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष के वकील ने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी की अगुवाई वाली अदालत में आज सज़ा का एलान किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में गोरखपुर–बस्ती मण्डल के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करगें। इस मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा करीब छः करोड़ रूपये की लागत से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधायक निधि से कराया गया है। इसके बन जाने से एथलेटिक्स, निशानेबाजी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, लान टेनिस सहित कई खेलों के खिलाड़ियों को अभ्यास करने की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में नगर निगम द्वारा दो करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनवाये गये नये रैन बसेरे और दो करोड़ सत्तर लाख रूपये की लागत वाली जल शोधन परियोजना का भी शुभारम्भ करेंगे।

इसके पहले मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी, किसान हित और खाद्य एवं दवा सुरक्षा से जुड़ी एक हजार 533 करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा उनकी सरकार प्रदेश में विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है।

***नए निवेश आ रहे हैं अकेले गोरखपुर में पिछले पांच वर्ष के अंदर पंद्रह हजार से लेकर बीस हजार करोड़ रुपए का निवेश तो जमीनी धरातल पर उतरा है जिसमें उद्योग लग चुके वह चल रहे हैं। हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार के कारण गारंटी मिली है यहां के नौजवानों को नौकरी और रोजगार की गारंटी मिली है। नए साल में नए गति के साथ हम आगे बढ़ेंगे विकास में उत्तर प्रदेश अब पीछे नहीं रहने वाला है और उत्तर प्रदेश का नौजवान उत्तर प्रदेश के अंदर ही नौकरी और रोजगार पाएगा।***

**********

प्रदेश सरकार ने कल देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के छियालीस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करने के आदेश जारी किये। इस फेर–बदल में प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को एक बार फिर गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को वित्त और माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग का दायित्व भी दिया गया है। एल वेंकटेश्वर लू को प्रमुख सचिव समाज कल्याण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**********

चौबीस जनवरी को मनाये जाने वाले यूपी दिवस के मौके पर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा अभियान शुरू करने जा रही है। यह देश का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा, जिसमें युवाओं को उद्यम लगाने के लिये ब्याजमुक्त ऋण दिया जायेगा। कल यूपी दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का चयन कर मुख्यमंत्री युवा अभियान से जोड़ने के निर्देश दिये।

**********

सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपति और शिक्षाविद अब निक्षय मित्र की जिम्मेदारी निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल टीबी उन्मूलन अभियान के सम्बन्ध में की गई बैठक में यह फैसला लिया। निक्षय मित्र के रूप में ये वरिष्ठ नागरिक टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।

**********

किसानों को कृषि सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये सरकार फार्मर आईडी बनाने पर जोर दे रही है। नये वर्ष में कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिये फार्मर आईडी जरूरी होगा। फार्मर आईडी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसके बन जाने के बाद किसानों को बार–बार केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और कृषि की अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के आधार पर ही दिया जायेगा।

**********

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर ग्यारह से तेरह जनवरी तक राम मंदिर में दर्शन के लिये वीआईपी और वीवीआईपी पास नहीं बनेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्यारह जनवरी को करेंगे। तीन दिवसीय आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

**********

प्रयागराज महाकुम्भ में कल श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर शहर में पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। छावनी प्रवेश यात्रा में चार महिला मंडलेश्वर भी शामिल हुयीं।

**********

केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने कल खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी। नोएडा के रहने वाले पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, निशानेबाजी की स्पर्धा में एक ही ओलम्पिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैम्पियन डी गुकेश और ओलम्पिक पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह को इस वर्ष के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नोएडा की ही रहने वाली शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल और मेरठ की पैरा एथलीट प्रीति पाल सहित देश भर के बत्तीस खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार और पांच खेल प्रशिक्षकों को द्रोंणाचार्च पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सत्रह जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान करेंगी। पुरस्कार का घोषणा होने के बाद खेल रत्न के लिये चयनित प्रवीण कुमार ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

***मैंने डाला था खेल रत्न के लिए और जब मैंने देखा की ये हो चुका है तो मैं अपने आपको प्राउड फील कर रहा हूँ अभी और मोटिवेट भी कर रहा हूँ कि मैं आगे अभी जो अपकमिंग मेरे कॉम्पिटिशन है उनमें मैं और अच्छा करूँगा और मोदी जी ने जो हमें रिस्पेक्ट जो दिलाई है पूरे इंडिया में की डिसेबल पर्सन, दिव्यांग लोग भी कुछ कर सकते हैं वो इतना अच्छा कर रहे हैं तो आप भी कर सकते हैं तो ये प्राउड की बात है।***

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पहली बार हैंडबॉल की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप आई एच एफ ट्रॉफी की शुरुआत आज से होगी। सात जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के सभी मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम में नवनिर्मित बहुउद्देशीय हाल में खेले जाएंगे। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेगी। उन्होंने बताया कि आई एच एफ ट्रॉफी में पुरुष यूथ और जूनियर श्रेणियों में मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें भारत, बांग्लादेश, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिले इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण लगभग सभी जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का अनुमान व्यक्त किया है, उसके बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**********